# 20. पहेलियाँ

1. आग लगे मेरे ही बल से,
हर इन्सान के आती काम।
दिन में पौधे मुझे बनाते,
अब बतलाओ मेरा नाम ।।

2. एक फूल काले रंग का, सबके सिर सहाय।
तेज धूप में खिला रहे, छाया देख मुरझाये ।।

3. एक सींग की ऐसी गाय,
जितना दो उतना ही खाय।
खाते-खाते गाना गाय,
पेट नहीं उसका भर पाय ।।

4. एक पहेली मैं कहूँ,
तू सुन ले मेरे पूत।
बिन परों वह उड़ गई,
बाँध गले में सूत ।।

5. नदी हूँ पर पानी नहीं,
सड़क हूँ पर गाड़ी नहीं।
भूमि हूँ पर फसल नहीं,
बस्ती (गाँव) हूँ पर घर नहीं ।।

6. ऐसा लिखिए शब्द बनाय।
फूल, फल, मिठाई बन जाय ।।

7. ऊँट की बैठक,
हिरण की चाल।
वह कौन-सा जानवर,
जिसके दुम न बाल ।।

उत्तर—1. ऑक्सीजन, 2. छाता, 3. चकरी (जाँता), 4. पतंग, 5. मानचित्र (नक्शा), 6. गुलाब जामुन, 7. मेढ़क।

## प्रश्न-अभ्यास

**प्रश्न 1. पहेलियों का संकलन कर अपनी कक्षा में सुनाइए।**

उत्तर—छात्र स्वयं करें।